# कार्यालय संयुक्त संचालक सह अधीक्षक

## स्व0 श्री बलीराम कश्यप स्मृति शा0 चि0महा0 सह महारानी अस्पताल जगदलपुर

क्र. 689 /स.स./स्था./2016/ जगदलपुर, दिनांक 05/02/2016

प्रति,

**संचालक,**
जन संपर्क संचालनालय,
विज्ञापन शाखा,
इन्द्रावती भवन भूतल
नया रायपुर (छ0ग0)

विषयः— निःशक्तजन के बैकलॉग पदों हेतु विज्ञापन प्रशारित करने बावत् ।

—00—

उल्लेखित विषयांतर्गत निवेदन है कि इस कार्यालय के अधीन स्टॉफ नर्स एवं वार्ड ब्वॉय के निःशक्तजनों के बैकलॉग के रिक्त पदों हेतु **विज्ञापन** तीन राज्य स्तरीय समाचार पत्रों एवं 02 स्थानीय समाचार पत्रो के माध्यम से प्रकाशित करने का कष्ट करें।

संलग्न :— सीडी/विज्ञापन प्रारूप

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक,
स्व. बलीराम कश्यप स्मृति शा.चि. महाविद्यालय
सह महारानी अस्पताल, जगदलपुर

पृ0 क्र. 690 /स.स./स्था./2016/ जगदलपुर, दिनांक 05/02/2016

**प्रतिलिपि :—**

1. **संयुक्त संचालक ,संभागीय जन संपर्क अधिकारी, बस्तर संभाग जगदलपुर की ओर प्रेषित कर निवेदन के साथ।**

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक,
स्व. बलीराम कश्यप स्मृति शा.चि. महाविद्यालय
सह महारानी अस्पताल, जगदलपुर

# कार्यालय संयुक्त संचालक सह अधीक्षक

## स्व0 श्री बलीराम कश्यप स्मृति शा0 चि0महा0 सह महारानी अस्पताल जगदलपुर

क. 691/स.स./स्था./2016/ जगदलपुर, दिनांक 05/02/2016

### विशेष भर्ती अभियान के तहत निःशक्तजनों के बैकलॉग के रिक्त पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन

छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के ज्ञापन क्र. एफ 20–4/2015/आ.प्रा./1–3 दिनांक 25.08.2015 में निर्दिष्ट निर्देशानुसार निःशक्तजनों के लिए बैकलॉग की विशेष भर्ती अभियान के तहत कार्यालय संयुक्त एवं अधीक्षक, स्व. बलीराम कश्यप **स्मृती,** शा.चि.महा., जगदलपुर सह महारानी अस्पताल, जगदलपुर छ0ग0 के अन्तर्गत निम्नांकित रिक्त पदों की पूर्ति के लिए पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों से दिनांक 23.02.2016 सायं 5.00 बजे तक कार्यालय संयुक्त एवं अधीक्षक, स्व. बलीराम कश्यप **स्मृती,** शा.चि.महा. सह महारानी अस्पताल जगदलपुर, छ0ग0 में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं ।

**बस्तर रोस्टर के अनुसार निःशक्तजनों के रिक्त बैकलॉग पदों का विवरण**

| क्र | पद का नाम | वर्ग | | | | | | निःशक्तता की चिन्हांकित श्रेणी | विहित शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल रिक्त पद | अ. जा. | अ.ज. जा. | अ. पि. व. | अनारक्षित | भूतपूर्व सैनिक | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | स्टाफ नर्स केवल महिला अभ्यर्थी | 5 | — | 4 | 1 | — | — | अस्थि बाधित | 1. हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण होने का अंकसूची । 2. 10 + 2 का उत्तीर्ण होने का अंक सूची। 3. बी.एस.सी. नर्सिंग या पोस्ट बेसिक ( बी.एस.सी नर्सिंग) प्रशिक्षण उत्तीर्ण। 4. केन्द्रीय/छ.ग. राज्य नर्सिंग कौसिल में पंजीयन,5. बस्तर संभाग (छ0ग0) का मूल निवास प्रमाण पत्र, 6. जाति प्रमाण पत्र 6. निःशक्त (अस्ति बाधित,दृष्टि बाधित,श्रवण बाधित) प्रमाण पत्र (40 प्रतिशत या 40 प्रतिशत से अधिक होने पर ही मान्य) 6. केवल बस्तर संभाग के **अभ्यार्थी** ही आवेदन करेगे। |
| 2. | वार्ड ब्वाय | 3 | — | 1 म. 1 पु. | — | 1 | — | अस्थि/दृष्टि/श्रवण बाधित | 1. मिडिल परीक्षा 8 वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। 2. बस्तर संभाग (छ0ग0) का मूल निवास प्रमाण पत्र, 3. जाति प्रमाण पत्र 4. जिला रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन 5. निःशक्त (अस्ति बाधित,दृष्टि बाधित,श्रवण बाधित) प्रमाण पत्र (40 प्रतिशत या 40 प्रतिशत से अधिक होने पर ही मान्य होगा) 6.केवल बस्तर संभाग के **अभ्यार्थी** ही आवेदन करेगे |

नियम व शर्तें :–

1. उम्मीदवार की आयु दिनांक 01.01.2016 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग को अधिकतम आयु सीमा में शासन द्वारा नियमानुसार देय अतिरिक्त छूट का लाभ प्राप्त होगा, किन्तु इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा ।

2. किसी भी उम्मीदवार को किसी भी आधार पर एक से अधिक आधार पर छूट का लाभ दिये जाने के उपरान्त भी अधिकतम आयुसीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।
3. वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंक सूची की स्वयं के द्वारा सत्यापित छायाप्रति सहित उम्मीदवार का आवेदन दिनांक 23.02.2016 को सायं 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट कार्यालय संयुक्त संचालक सह अधीक्षक, स्व. श्री बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह महारानी अस्पताल जगदलपुर, जिला बस्तर छ0ग0 के पते पर अनिवार्य रूप से प्राप्त होना चाहिए । व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे तथा डाक अथवा अन्य किसी कारणवश विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा ।
4. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किए गये बस्तर संभाग का मूल निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।
5. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।
6. उम्मीदवार को स्वयं का पता लिखे 02 खाली **लिफाफे** ( 10" X 4 " आकार का ) पांच रूपये का पोस्ट टिकट लगाकर अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।
7. जन्मतिथि दर्शाने वाली शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।
8. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में कोई सूचना नहीं दी जावेगी तथा ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगे ।
9. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, आवेदक का नाम व पता स्पष्ट रूप से अवश्य लिखा जावे ।
10. उम्मीदवार का चयन छ0ग0 शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों व मार्गदर्शी सिद्धांतों तथा मापदंडों के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जावेगा ।
11. उम्मीदवार अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप में ही करें अन्यथा आवेदन अमान्य कर दिया जायेगा।
12. विवाहित महिला उम्मीदवारों का नाम/उपनाम परिवर्तन संबंधी दस्तावेज/शपथपत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।
13. शासकीय/ अर्धशासकीय अथवा किसी निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपना आवेदन नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है ।
14. उम्मीदवारों का नवीनतम पासपोर्ट साइज का फोटो आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर चिपकाया जावे, जो कि राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित हो ।
15. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिसमें एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा ।
16. आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अन्य विवरण जिला बस्तर के शासकीय वेबसाइट **www.bastar.gov.in** एवं कार्यालयीन समय में सूचना फलक पर देखे जा सकते हैं ।
17. उपरोक्तानुसार विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय होगी जिसे कम/ज्यादा किया जा सकता है और निरस्त भी किया जा सकता है ।
18. इस विज्ञापन के जारी होने के पूर्व प्रस्तुत आवेदन पत्र मान्य नहीं किया जायेगा ।

**संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक,**
**स्व. बलीराम कश्यप स्मृति शा.चि. महाविद्यालय,**
**सह महारानी अस्पताल, जगदलपुर**

# आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें (राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित

संयुक्त संचालक सह अधीक्षक,
स्व0 श्री बी.आर.कश्यप स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय
सह महारानी अस्पताल जगदलपुर।

1. आवेदित पद का नाम ..........................................................
2. आवेदक का पूरा नाम..........................................................
   (अंग्रेजी ब्लाक लेटर्स में) ..........................................................
3. पिता/पति का नाम ..........................................................
4. (अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी में) ..........................................................
   ..........................................................दूरभाष क्र..........................................................
   (ब)स्थायी पता ..........................................................
5. जन्मतिथि अंको में ..........................................................शब्दों में..........................................................
   आयु दिनाँक 01.01.2016 वर्ष..........................................माह..................................दिन..................................
6. क्या आवेदक बस्तर संभाग (छत्तीसगढ़) का मूल निवासी है ? हाँ/नहीं
7. संवर्ग (√ करें) अनारक्षित..............................अ.ज.जा..............................अ.जा.......................अ.पि.व.......................
8. लिंग (√ करें) पुरूष..........................................................महिला..........................................................
9. क्या आवेदक छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित उच्चतम आयु सीमा में छूट चाहता है?
   हां/नहीं..................................................(उक्त हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
10. क्या आप विवाहित हैं ? हां/नहीं..........................................................
11. यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि..........................................................
12. जीवित बच्चों की संख्या..........................................................

| क्रमांक | नाम | लिंग | जन्मतिथि |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

13. शैक्षणिक योग्यता का विवरण :

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. स्टॉफ नर्स हेतु केन्द्रीय / छ.ग. राज्य नर्सिंग कौसिल में पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक ..........................

15. रोजगार कार्यालय का पंजीयन एवं दिनांक ..........................................................................................

16. संलग्न प्रमाण पत्र की सूची :

1.............................................................2.....................................................3...............................................

4.............................................................5.....................................................6...............................................

7.............................................................8.....................................................9...............................................

## <u>घोषणा पत्र</u>

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे सर्वोत्तम विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है एवं आवेदित पद के लिये मैं निर्धारित योग्यता रखता / रखती हूँ मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत, असत्य या अपूर्ण पायी जाने पर उक्त पद के लिये मेरी उम्मीदवारी रद्ध या निरस्त की जा सकती है, इस संबंध में मुझे कोई नोटिस दिये बिना मेरी सेवाएं समाप्त की जा सकती है तथा मेरे विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही भी की जा सकती है।

स्थान :–............................

दिनाँक :–............................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम................................................

